हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–221 : जौनपुर, शनिवार 06 मई 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पूर्व राष्ट्रपति ने सीएम योगी को भारतरत्न डॉ अंबेडकर अवार्ड से किया सम्मानित

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतरत्न डॉ अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुंबई के श्री षणमुखानंद ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतरत्न डॉ. अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया है। योगी आदित्यनाथ का यह अवार्ड यूपी विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने लखनऊ से आकर ग्रहण किया। गुंडाराज खत्म करके प्रदेश को बनाया भयमुक्त : कोविंद बुद्धांजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे रामनाथ कोविंद ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में गुंडाराज खत्म करके प्रदेश को भयमुक्त बनाने का काम किया है। वहीं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ हमारे मित्र हैं और उत्तर प्रदेश में गुंडे, माफिया आज उनके नाम से थर थर कांप रहे हैं। कार्यालयों में बाबा साहेब की फोटो लगवाना सराहनीय डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि योगी जी ने उत्तर प्रदेश के सरकारी महकमों में डॉ. अंबेडकर की फोटो लगाने का आदेश देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में डॉ. अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बना कर योगी आदित्यनाथ ने माई साहब डॉ. सविता अंबेडकर के सपनों को पूरा किया है। योगी आदित्यनाथ आज




दलितों–वंचितों के मसीहा बन चुके हैं। दलित, पिछड़े और वंचितों के हित में कर रहे काम : कैलाश मासूम बुद्धांजलि फाउंडेशन के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक कैलाश मासूम ने कहा कि योगी आदित्यनाथ को भारत रत्न डॉ. अंबेडकर अवार्ड देकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और वंचितों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, सबको साथ लेकर चल रही है। इस अवसर पर फिल्म अभिनेता प्रेम चोपड़ा, उदित नारायण और राजपाल यादव सहित देश के अन्य क्षेत्रों से आयी प्रतिभाओं को भी 13वें भारतरत्न डॉ. अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान क्षेत्रीय कलाकारों ने बाधा समा : बम बम बोल रहा है काशी के गीत पर झूमे लोग

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : क्षेत्र के प्रेम का पूरा ग्राम सभा में नवनिर्मित राधे कृष्ण धाम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई. जहां पर प्राण–प्रतिष्ठा के पूर्व कलश यात्रा भी निकाली गई जो माँ अन्नपूर्णा धाम, वैकुण्ठ धाम होते हुए पूरे ग्राम पंचायत का भ्रमण करते हुए श्री गौरी शंकर धाम फरीदाबाद सुजानगंज तक पहुंची और मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया जहा पर सभी भक्तों ने महाप्रसाद भी लिया इसी दौरान वहा पर उपस्थित क्षेत्रीय कलाकारों ने बाँधा समा. वहीं पर उपस्थित जनपद जौनपुर के सुप्रसिद्ध गायक सुधीर तिवारी ने देवी गीत के माध्यम से लोगों को मोहित किया उन्होंने निमिया के डार मैया डाले ली झुलनवा हो कि झूली झूली ना, और बमबम बोल रहा है काशी, मेरे बांके बिहारी लाल आदि भजनों के माध्यम से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया. और प्रयागराज की धरती से उपस्थित सोनी द्विवेदी ने श्री राध



ा कृष्ण मंदिर में हाजिरी लगाते हुए एक श्री कृष्ण जी का अद्भुत गीत प्रस्तुत कर मनिहारी का भेष बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया के माध्यम से सभी भक्तों को मोहित किया और जनपद सुल्तानपुर से पहुंची श्वेता दुबे ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है गीत प्रस्तुत कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया इसी क्रम में म्यूजिशियंस टीम में उपस्थित मोहित पांडे अभिनव दुबे एंड ग्रुप उपस्थित रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज करेंगे आवरण पृष्ठ का विमोचन

( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : प्रतापगढ़ शांडिल्य दुर्गेश त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक ''सनातन,विज्ञान और हम'' के आवरण पृष्ठ



का विमोचन जून के प्रथम सप्ताह में पद्मविभूषण,तुलसी पीठ चित्रकूट के जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज करेंगे।यह विमोचन कार्यक्रम चित्रकूट में होगा।ज्ञातव्य हो दुर्गेश त्रिपाठी लोक सेवा आयोग प्रयागराज में बतौर समीक्षा अधिकारी सेवा दे रहें हैं और प्रतापगढ़ निवासी प्राचार्य पं.श्याम शंकर त्रिपाठी के सुपुत्र हैं।

## नौ मई को मनाया जाएगा पहला बड़ा मंगल

लखनऊ ब्यूरो : जेठ की शुरुआत शनिवार से हो गई। नौ मई को पहला बड़ा मंगल मनाया जाएगा। इस मौके पर भंडारे व मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते सड़क पर जाम न लगे, इसके लिए हनुमान सेतु मंदिर प्रशासन ने पार्किंग के इंतजाम की पहल की है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े आचार्य चंद्रकांत के मुताबिक, पार्किंग के लिए लविवि कुलपति से सहयोग मांगा है। उन्होंने भाऊराव देवरस वाले गेट से प्रवेश कर बगल की खाली पड़ी जगह का स्थान पहले बड़े मंगल पर पार्किंग के लिए देने पर अपनी सहमति दे दी है। इसके अलावा पर्वतीय महापरिषद की तरफ से जिस स्थान पर उत्तरायणी का आयोजन होता है, वहां की खाली जगह को बड़े मंगल पर पार्किंग के लिए दिए जाने को लेकर मंडलायुक्त को पत्र भेजा जा रहा है। रविवार को ट्रैफिक पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के साथ बैठक में इस पर अंतिम फैसला होगा। मंदिर में कोई विशेष आयोजन नहीं होंगे, बस मंदिर आठ मई की रात 12 बजे से नौ मई की रात 12 बजे तक खुला रहेगा और दर्शन–पूजन का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। उधर, लेटे हुए



हनुमान मंदिर में बड़े मंगल की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। पदाधिकारी रिद्धि गौड़ ने बताया कि मंदिर सुबह पांच बजे खुल जाएगा। सुबह 9.30 से दोपहर दो बजे तक और शाम छह से रात 10 बजे तक भंडारा होगा। शाम चार बजे से सुंदरकांड होगा। सुबह इस्कॉन वालों का कीर्तन होगा। अलीगंज स्थित नया हनुमान मंदिर में सौंदर्यीकरण पूरा हो गया है। कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित के मुताबिक, बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

## ईडी ने चार घंटे तक की संजय शेरपुरिया से पूछताछ : अब रिमांड पर लेने की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : जालसाज संजय राय शेरपुरिया ने आयकर अधिकारियों का नाम लेकर नोएडा के एक उद्योगपति को भी ठगा था। वह उद्योगपति के खिलाफ चल रही आयकर जांच को खत्म कराने के लिए करोड़ों रुपये की डील कर चुका था। जांच एजेंसियां पता लगा रही हैं कि उद्योगपति ने शेरपुरिया को कितनी रकम दी थी और शेरपुरिया किन आयकर अधिकारियों के संपर्क में था। आयकर विभाग ने बीते दिनों नोएडा के एक उद्योगपति के ठिकानों पर छापा मारा था। करीब सात दिन तक चले छापों के दौरान एक हजार करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के सुराग मिला था। आयकर विभाग के शिकंजे से बचने के लिए उद्योगपति ने एक मध्यस्थ के जरिए शेरपुरिया से संपर्क साधा था। शेरपुरिया ने खुद को आयकर विभाग के बड़े अधिकारियों का करीबी बताकर उसे जांच खत्म करने का भरोसा दिलाया। इस पर उद्योगपति उसे बड़ी रकम देने को तैयार हो गया था। इसी बीच एसटीएफ ने नोएडा से शेरपुरिया के एजेंट कासिफ को गिरफ्तार किया तो उसका पूरा भांडा फूट गया। इसके बाद शेरपुरिया भी एसटीएफ के हाथ लग गया। दोनों से पूछताछ में नोएडा के उद्योगपति को ठगने की जानकारी मिली। एसटीएफ मामले की जांच कर रही है। बोर्ड के सदस्यों की भी जांच शुरू उधर, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने संजय राय शेरपुरिया के एनजीओ यूथ रूरल इंटरप्रेन्योर फाउंडेशन के एडवाइजरी बोर्ड में शामिल लोगों की जांच भी शुरू कर दी है। इस बोर्ड में कई रिटायर्ड अधिकारी भी शामिल हैं, जिनका कई विभागों में काफी दबदबा था। चार घंटे चली ईडी की पूछताछ शेरपुरिया से शुक्रवार को विभूति खंड थाने में ईडी ने पूछताछ की है। सूत्रों की मानें तो नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय और लखनऊ जोनल ऑफिस के अधि



ाकारियों ने करीब चार घंटे तक पूछताछ की। इस दौरान तमाम राजनेताओं, उद्योगपतियों आदि से उसके संबंधों, एनजीओ में आई रकम, राइडिंग क्लब पर कब्जे और गुजरात में उसकी कंपनियों के बारे में तमाम सवाल किए गए। रिमांड पर लेने की तैयारी शेरपुरिया को ईडी भी रिमांड पर लेने की तैयारी कर रहा है। यूपी एसटीएफ की रिमांड की अवधि आगामी आठ मई को समाप्त हो रही है। इसके बाद ईडी भी उसके खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के केस में रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगा। शेरपुरिया की पत्नी की तलाश की जा रही है। कई कंपनियों में उसकी पत्नी भी अहम पदों पर तैनात रह चुकी है। दिल्ली के घर से मिले अहम सुराग दिल्ली के राइडिंग क्लब स्थित शेरपुरिया के घर से ईडी को तमाम अहम सुराग हाथ लगे थे। गत एक मई को दिल्ली, गाजीपुर, बनारस और लखनऊ के उसके ठिकानों पर छापे मारे गए थे। राइडिंग क्लब स्थित उसके आवास से कुछ ऐसे दस्तावेज और जानकारियां जांच एजेंसी को मिली हैं, जिससे कई सफेदपोश लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। फिलहाल अधिकारी बरामदगी के बारे में सूचनाएं साझा नहीं कर रहे हैं।

## अज्ञात वाहन ने टेंपो में मारी टक्कर : दो की मौत : तीन घायल

लखनऊ ब्यूरो : सीतापुर जिले के रामकोट–मधवापुर मार्ग पर रामकोट थाना क्षेत्र में रेलवे क्रासिंग के निकट टेंपो में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में टेंपो चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। टेंपो सवार सभी लोग पिसावां में एक शादी में शामिल होकर वापस घर जा रहे थे। खैराबाद थाना क्षेत्र के अकबरगंज निवासी शिवा (22) टेंपो चलाता था। शुक्रवार को वह एक शादी में शामिल होने के लिए गया था। उसके साथ खैराबाद निवासी दीपू,अंकित और राजेश भी थे। टेंपो में रामकोट थाना क्षेत्र के दामोदरपुर निवासी संतराम (50) भी सवार था। रात लगभग 12:30 बजे शादी में शामिल होकर सभी वापस खैराबाद जा रहे थे। रामकोट– मधवापुर मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के निकट अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर यूपी 112 की टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायलों को जिला चिकित्सालय सीतापुर पहुंचाया जहां चिकित्सक ने शिवा और संतराम को मृत घोषित कर दिया।

## हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ा युवक : एक घंटे बाद नीचे उतरा

लखनऊ ब्यूरो : राजधानी लखनऊ के पीजीआई वृंदावन बरौली चौराहे के पास स्थित 132000 हाई टेंशन लाइन के टावर पर एक युवक शनिवार सुबह चढ़ गया। युवक को टावर पर चढ़े देखने के बाद लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस व फायर विभाग



की गाड़ियां पहुंचीं। लगभग 1 घंटे बाद हाईटेंशन लाइन की बिजली काटी गई। इस दौरान युवक टावर पर चढ़ा बैठा रहा। अग्निशमन विभाग की हाइड्रोलिक मशीन को बुलाया गया उसके बाद ऊपर चढ़े युवक ने प्रशासन के लोगों से पानी की मांग की। पानी की बोतल के बहाने फायरकर्मी हाइड्रोलिक मशीन के सहारे ऊपर चढ़े। उन्होंने लगभग एक घंटे तक युवक से बात की और उसे नीचे उतरने के लिए तैयार किया। युवक को उतारकर ट्रामा सेंटर ले जाया गया। युवक का नाम रोहित पाल पुत्र रामनरेश है। वह प्रयागराज का रहने वाला है। कोतवाल राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया की युवक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया है।

## चारबाग के अवैध होटलों पर एलडीए व नगर निगम से जवाब तलब : चार सप्ताह का दिया गया समय

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने चारबाग के गुरुनानक मार्केट स्थित अवैध होटलों के मामले में एलडीए व नगर निगम से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। इसके बाद न्यायालय होटल संचालकों को नोटिस जारी करने पर कर विचार कर सकता है। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने एक स्थानीय अधिवक्ता की जनहित याचिका पर अपना आदेश पारित किया। इसमें इन होटलों को हटाने की मांग की गई है। कोर्ट को बताया गया कि 1954 में पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को चारबाग में आश्रय देने के लिए सरकार ने जमीन व दुकानें आवंटित की थीं। वहां अब गुरुनानक मार्केट बन चुका है। 17 दुकानों को होटलों में तब्दील किया जा चुका है और इसके लिए एलडीए व नगर निगम या किसी भी सरकारी विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई। ये होटल जिन गलियों में बनाए गए हैं, वे बहुत सकरी हैं। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। याचिका में अपर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम के 29 जून, 2010 के पत्र का भी हवाला दिया गया है, जिसमें



उक्त मार्केट में अवैध रूप से बने कुल 34 होटलों, लॉज, गेस्ट हाउस, गोदाम व कार्यालयों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की बात कही गई है। पूर्व के हादसों का उदाहरण देते हुए उक्त होटलों में आपराधिक गतिविधियों की बात भी कही गई है।

## अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए जिससे हमारा जीवन सुखद हो जाएगा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय दिल्ली। रोहिणी में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पर्यावरण विभाग की टीम से राम मोहन एवं संगीता तलवार द्वारा यूनिटी वन अप्पार्टमेंट सेक्टर 24 रोहिणी दिल्ली में वहाँ के ॅ। के प्रधान संदीप खत्री अधिवक्ता रोहिणी कोर्ट व इनकी टीम के सहयोग से 20–25 फाइकस एवं कुछ और अन्य पोधे लगाए गए । दिल्ली में पर्यावरण एवं जल की स्थिति को ध्यान में रखकर जगह जगह पोधे लगाने का कार्य जोर शोर से हो रहा है ।दिल्ली में प्रदूषण दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है ।लोगो का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन बिगड़ रहा है ।बच्चों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है ।इसके लिए लोगो को स्वच्छ हवा की काफी जरूरत है ।जल स्तर भी नीचे गिरता जा रहा है । RWA team,राम मोहन पर्यावरण प्रदेश पेड़ प्रमुख ,संगीता तलवार प्रांत टोली ,राजेंद्र ,सुनीता जिनकी मेहनत से वृक्षारोपण सफल



हो पाया । ये एक नेक व पुण्य कार्य है इसका भागीदार सभी को बनना चाहिए ।अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए ।जिससे हमारा जीवन सुखद हो जाएगा । इसी के साथ संगीता मल्होत्रा तलवार अधिवक्ता सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**सत्य का सर्वश्रेष्ठ अभिनंदन यही है कि हम उसे आचरण में लाएं।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## आदि पत्रकार –देवर्षि नारद –मृत्युंजय दीक्षित

सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रहमा के मानस पुत्र नारद। महान तपस्वी, तेजस्वी, सम्पूर्ण वेदान्त, शास्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत नारद। ब्रहमतेज से संपन्न नारद। नारद जी के महान कृतित्व व व्यक्तित्व पर जितनी भी उपमाएं लिखी जाएं कम हैं। देवर्षि नारद ने अपने धर्मबल से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया । वे प्राणिमात्र के कल्याण के लिए सदा उपस्थित रहे। वे देवता, दानव और मानव समाज के हित के लिये सर्वत्र विचरण, चिंतन व विचार मग्न रहते थे। देवर्षि नारद की वीणा से निरंतर नारायण की ध्वनि निकलती रहती थी।भगवदभक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए ही नारद का अवतार हुआ। नारद चिरंजीवी हैं। नारद जी का संसार में अमिट प्रभाव है। देव, दानव, मानव सबके सत्कार्यों में देवर्षि नारद सहायक सिद्ध होते हैं। नारद जी का जीवन जनकल्याण व मंगलमय जीवन के लिये ही है। नारद जी पर नारायण की विशेष कृपा है। वे शत्रु तथा मित्र दोनों में ही लोकप्रिय थे।

देवर्षि नारद त्रिकालदर्शी व पृथ्वी सहित सभी ग्रह नक्षत्रों में घट रही घटनाओं के ज्ञाता तो थे ही उनके मन में कठिन से कठिन समस्याओं के समाधान भी चलायमान रहते थे। देवर्षि नारद व्यास, वाल्मीकि, शुकदेव जी के गुरु रहे। नारद ने ही प्रह्लाद, ध्रुव, राजा अम्बरीष आदि को भक्तिमार्ग पर प्रवृत्त किया। नारद ब्रहमा, शंकर, सनतकुमार, महर्षि कपिल, मनु आदि बारह आचार्यो में अन्यतम हैं। प्रचलित कथा के अनुसार देवर्षि नारद अज्ञातकुल शील होने पर भी देवर्षि पद तक पहुंच गये थे। बाल्यकाल में भी उनके मन में चंचलता नहीं थी, वे मुनिजनों की आज्ञा का पालन किया करते थे। उनकी अनुमति प्राप्त करके वे बरतनों में लगी हुई जूठन दिन में एक बार खा लिया करते थे। इससे उनके जन्म के सारे पाप धुल गये। नारद की सेवा से प्रभावित होकर मुनिगण उन पर अपनी कृपा रखने लगे।

संतों की सेवा करते – करते उनका हृदय शुद्ध रहने लगा। भजन – पूजन में उनकी रुचि बढ़ती गयी। उनके हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव हो गया। वे अपनी माता के साथ ब्राहमण नगरी में रहते थे। माता के कारण वे भी कहीं अन्यत्र नहीं जा सके। कुछ दिनों बाद एक दिन उनकी माता को सर्प ने काट लिया जिससे उनकी मृत्यु हो गयी नारद जी ने उसे विधि का विधान माना और गृह का त्याग करके उत्तर दिशा की ओर चल दिये। इसके बाद उन्होनें अपनी सतत साधना और तपस्या के बल पर देवर्षि का पद प्राप्त किया। किसी – किसी पुराण में देवर्षि नारद को उनके पूर्वजन्म में सारस्वत नामक एक ब्राहमण बताया गया है। जिन्होनें "द नमो नारायणाय" मंत्र के जाप से भगवान नारायण का साक्षात्कार किया।

कालान्तर में पुनः ब्रहमा जी के दस मानसपुत्रों के रूप में जन्म लिया। नारद शुद्धात्मा, शांत, मृदु तथा सरल स्वभाव के हैं। मुक्ति की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए नारद जी स्वयं ही प्रयत्नशील रहते हैं।नारद जी को ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन होते थे। उन्हें ईश्वर का मन कहा गया है। वे परम हितैषी हैं उनका अपना कोई स्वार्थ नहीं हैं। वे प्रभु की प्रेरणा से निरंतर कार्य करते रहते हैं। नारद जी ने दक्ष प्रजापति के हयाश्व– शबलाक्ष नामक सहस्र पुत्रों को अध्यात्म तत्व का पाठ पढ़ाया। देवर्षि नारद ने सभी के लिये भगवदभक्ति का द्वार खोल रखा था। वे जीवमात्र के कल्याण के लिये भगवान नाम कीर्तन की प्रेरणा देते रहते हैं।

देवर्षि नारद का वर्ण गौर सिर पर सुंदर शिखा सुशोभित है। उनके शरीर में एक विशेष प्रकार की उज्वल ज्योति निकलती रहती थी। वे देवराज इंद्र द्वारा प्राप्त श्वेत दिव्य वस्त्रों को धारण किये रहते हैं। वे अनुषांगिक धर्मों के ज्ञाता थे। नारद लोप, आगम, धर्म तथा वृत्ति संक्रमण के द्वारा प्रयोग में आये हुये एक– एक शब्द की अनेक अर्थो में विवेचना करने में सक्षम थे। कृष्ण युग में गोपियों का वर्चस्व स्थापित किया। प्रथम पूज्य देव गणेश जी को नारद जी का ही मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ था।

देवर्षि नारद स्वभावतः धर्म निपुण तथा नाना धर्मो के विशेषज्ञ हैं।वे चारों वेदों के ज्ञाता हैं। उन्होंने विभिन्न वैदिक धर्मों की मर्यादाएं स्थापित की हैं। वे अर्थ की व्याख्या के समय सदा संशयों का उच्छेद करते हैं। नारद जी के द्वारा रचित अनेक ग्रंथों का उल्लेख मिलता है – जिसमें प्रमुख हैं नारद पंचरात्र,नारद महापुराण,वृहदरदीय उपपुराण, नारद स्मृति, नारद भक्ति सूत्र, नारद परिवाज्रकोपनिषद आदि। इसके अतिरिक्त नगरीय शिक्षा शास्त्र के साथ ही अनेक स्तोत्र भी नारद जी के द्वारा रचित बताये जाते है।

भगवद भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिये नारद जी का आविर्भाव हुआ। देवर्षि नारद धर्म के प्रचार तथा लोक कल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहते थे। इस कारण सभी युगों में सभी लोकों में समस्त विद्याओं में समाज के सभी वर्गो में नारद जी का सदा से प्रवेश रहा है। मात्र देवताओं ने ही नहीं वरन दानवों ने भी उन्हें सदैव आदर किया है। समय –समय सभी ने उनसे परामर्श लिया है। नारद जी भागवत संवाददाता भी थे, संदेश वाहक भी थे और ब्रह्माण्ड के प्रथम पत्रकार भी माने गये।

नारद जी के विभिन्न उपनाम भी हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में उन्हें संचारक अर्थात सूचना देने वाला पत्रकार कहा गया है।इसके अतिरिक्त संस्कृत के शब्दकोष में उनका एक नाम "पिशुन" आया है जिसका अर्थ है सूचना देने वाला संचारक, सूचना पहुंचाने वाला ,सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देनेवाला है। आचार्य पिशुन से स्पष्ट है कि देवर्षि नारद तीनों लोकों में सूचना अथवा समाचार के प्रेषक के रूप में परम लोकप्रिय थे।

वे रामायण युग में भी थे तो महाभारत काल में पांडवों के सबसे बड़े हित साधक भी थे। जनमानस के कल्याणार्थ नारद मुनि ने सत्यनारायण भगवान की कथा, व्रत महात्मय आदि की श्रेष्ठता समाज में स्थापित की। जिज्ञासा प्रकट करने के बाद ही भगवान श्रीहरि ने नारद जी को समस्त पूजा एवं हवन का विस्तार से वर्णन किया और अंत में आश्वस्त करते हुए उनसे कहा कि श्रद्धा पूर्वक किया गया भगवान सत्य नारायण का व्रत सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है। महाभारत युग में भी पाण्डवों का हित साधन नारद जी ने ही किया था। महारानी द्रौपदी को पांच पांडवों के साथ रहने का नियम भी नारद जी ने ही बनवाया था जिससे पतिव्रता द्रौपदी और पांचों पांडवों के बीच सामंजस्य का वातवरण बना रहे।

नारद जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को लेकर भांति – भांति की कथायें प्रचलित हैं। सभी पुराणों में महर्षि नारद एक मुख्य व अनिवार्य भूमिका में उपस्थित हैं। परमात्मा के विषय में संपूर्ण ज्ञान प्राप्त करने वाले दार्शनिक को नारद कहा गया है।पुराणों में नारद को भागवत संवाददाता भी कहा गया है। यह भी सर्वमान्य है कि नारद की ही प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य और व्यास ने महाभारत जैसे काव्य की रचना की थी।

नारद सदैव ही सामूहिक कल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते थे। नारद में अपार संचार योग्यता व क्षमता थी।आदि पत्रकार नारद जी की पत्रकारिता सज्जन रक्षक व एवं दुष्ट विनाशक की थी। वे सकारात्मक पत्रकार की भूमिका में रहा करते थे। पत्रकार के रूप में काशी, प्रयाग,मथुरा ,गया ,बद्रिकाश्रम, केदारनाथ, रामेश्वरम सहित सभी तीर्थों की सीमा तथा महत्व का वर्णन नारद पुराण में मिलता हैं। देवर्षि नारद जी की पत्रकारिता समाज के लिए हितकारी व दुष्टों का संहार करने वाली थी। नारद जी की पत्रकारिता अध्यात्म पर आधारित थी। उन्होंने स्वार्थ , लोभ, एवं माया के स्थान पर परमार्थ को श्रेष्ठ माना। महान विपत्तियों से मानवता की रक्षा का काम किया।

वर्तमान समय में पत्रकारिता को नारदीय आदर्श अपनाने की आवश्यकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## कारोबार के लिए खतरा बन गया पर्यावरण संकट : आरबीआई की करंसी और फाइनेंस रिपोर्ट में खुलासा

लखनऊ ब्यूरो : पर्यावरण संकट केवल सेहत पर ही भारी नहीं पड़ रहा बल्कि कारोबार के लिए भी खतरा बन गया है। नोट भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पेड़–पौधों को बचाने में डिजिटल करंसी की भूमिका अहम है। सरकारी व निजी बैंकों, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान और कंपनियों से पूछे सवालों में यह खुलासा हुआ है, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक की करंसी और फाइनेंस रिपोर्ट में पहली बार सार्वजनिक किया गया है। पर्यावरण असंतुलन से उपजे खतरे के प्रभाव से उद्योग–धंधे और बैंक बुरी तरह डरे हैं। उन्होंने इसके तमाम कारण गिनाए हैं। इसके मुताबिक शहरीकरण की वजह से तापमान में वर्ष 2030 तक 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होगी। इससे प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद दो फीसदी गिर सकता है। 90 बैकों और कंपनियों ने स्वीकार किया है कि पर्यावरण असंतुलन उनके कारोबार के लिए घातक हो गया है। इनमें से आधे ने कहा कि ग्राहकों के व्यवहार और मिजाज के अप्रत्याशित बदलाव से पूरा बाजार खतरे में है। बाजार में स्थिरता नहीं है। उत्पादों को लेकर कंपनियां भ्रमित हैं। उनके मुताबिक ऊर्जा और खनन पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। इनके बाद ऑटो सेक्टर, इंफ्रा और निर्माण सेक्टर का नंबर है। दिलचस्प बात ये है कि इन्हीं पांच सेक्टरों के दम पर बैंक जिंदा भी हैं। डिजिटल करेंसी को लेकर आरबीआई गंभीर डिजिटल करेंसी को लेकर आरबीआई बेहद गंभीर है। थोक के साथ ही फुटकर बाजार के लिए भी डिजिटल करेंसी का पायलट प्रोजेक्ट अंतिम चरण में है। आरबीआई के मुताबिक एक साल में 4,985 करोड़ रुपये केवल नोट छापने वाले कागज पर खर्च हुए हैं। इसमें प्रिटिंग, नोटों को देशभर के करेंसी चेस्ट तक पहुंचाने में इस्तेमाल होने वाले परिवहन,



भंडारण, पैकिंग और बेकार नोटों के निस्तारण का खर्च शामिल नहीं है। आरबीआई ने साफ कहा है कि डिजिटल करेंसी न केवल इस खर्च को बचाएगी बल्कि नोट छापने से लेकर लोगों के हाथों तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया से निकलने वाली हानिकारक ऊर्जा को भी रोकेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों से खनन में बेतहाशा तेजी इलेक्ट्रिक वाहनों पर इंडस्ट्री का खासा जोर है लेकिन आरबीआई ने इस पर भी चिंता जताई है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बनाने में कॉपर, लीथियम, निकेल, मैग्नीज और ग्रेफाइट का इस्तेमाल होता है। ये सभी जमीन से निकलते हैं। यही वजह है कि खनन में बेतहाशा तेजी आई है। वर्तमान में 2.60 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। एक करोड़ वाहन तो पिछले साल ही बिके थे। नोटों में कपास, लेनिन और एडहेसिव भारतीय मुद्रा को कपास से तैयार किया जाता है। कपास से लेनिन नाम का फाइबर तैयार कर इसमें गैटलिन, एडहेसिव सॉल्यूशन और तीन अन्य तरह के केमिकल मिलाए जाते हैं। इनसे नोट पानी में भीगने पर भी जल्दी खराब नहीं होते। 500 रुपये का एक नोट छापने में 2.91 रुपये, 200 रुपये के एक नोट पर 2.37 रुपये, 100 रुपये के नोट पर 1.77 रुपये, 50 रुपये के नोट पर 1.13 रुपये, 20 रुपये के नोट पर 96 पैसे और 10 रुपये के नोट पर 95 पैसे का का खर्च आता है।

## दूसरे चरण के लिए प्रेक्षक तैनात : 11 मई को 38 जिलों में वोटिंग : बनाए गए 9618 मतदान स्थल

लखनऊ ब्यूरो : निकाय चुनाव में दूसरे चरण के 38 जिलों में होने वाले मतदान के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार ने प्रेक्षकों की तैनाती कर दी है। उन्होंने कहा है कि मतदान क्षेत्र में यदि कोई गंभीर सूचना मिले तो तत्काल आयोग के संज्ञान में लाएं। निर्वाचन आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रेक्षक छह मई की शाम अपने–अपने क्षेत्र में पहुंचकर रिपोर्ट करें। ऐसा न करने पर स्पष्टीकरण देना होगा। वहां जाकर मतदान संबंधी बैठक लें और भ्रमण करें। जिनको तैनाती दी गई है उनमें औरेया में उप्र राज्य औद्योगिक विकास अधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, चित्रकूट में जल निगम के संयुक्त प्रबंध निदेशक राजेश पांडेय, हमीरपुर में अपर आयुक्त अमरपाल सिंह, अयोध्या में एमएसएमई के विशेष सचिव अरुण प्रकाश एवं खाद्य सुरक्षा औषधि के विशेष सचिव दिव्यांशु पटेल, सुल्तानपुर में प्रशासनिक सुधार के विशेष सचिव राजाराम पटेल, अंबेडकरनगर में गोरखपुर के अपर आयुक्त अजयकांत सैनी, बाराबंकी में लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार गंगवार, अमेठी में भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेम रंजन सिंह को प्रेक्षक बनाया गया है। दूसरे चरण की तैयारी, 9618 मतदान




स्थल बनाए राज्य निर्वाचन आयोग ने अब दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्रदेश भर के 38 जिलों में 6378 मतदान केंद्र तथा 19618 मतदान स्थल बनाए गए हैं। दूसरे चरण के लिए 11 मई को मतदान होगा। दूसरे चरण का मतदान 9 मंडलों में कुल 7006 पदों के लिए होगा। इसके लिए मतदान स्थलों को अंतिम रूप दे दिया गया है। 370 निकायों में होने जा रहे इस चरण में 7006 पदों के लिए चुनाव हो रहा है। दूसरे चरण में मत 19232004 मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10216992 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 9015012 है।

## यूपी पुलिस का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा– शुआट्स को अवैध धर्मांतरण के लिए विदेश से मिले 34.5 करोड़

नई दिल्ली एजेंसी : प्रयागराज के नैनी की सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) ने विदेश से मिले करीब 34.5 करोड़ रुपये का इस्तेमाल अवैध धर्मांतरण के लिए किया। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में उत्तर प्रदेश पुलिस ने यह दावा किया है। शुआट्स के निदेशक (प्रशासन) विनोद बिहारी लाल, कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल और अन्य आरोपियों को अदालत से किसी भी राहत का विरोध करते हुए यूपी पुलिस ने कहा, ये सभी लोग समाज में हाशिए पर रह रहे हिंदू व मुस्लिमों को प्रलोभन के जरिये या जबरन ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने में शामिल हैं। हलफनामे के अनुसार, शुआट्स को जो 34.5 करोड़ रुपये मिले हैं, उनके स्रोत अमेरिका, जापान, नेपाल, अफगानिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी व इराक सरीखे देशों में मिले हैं। वर्ष 2005 से अब तक ये राशि यीशु दरबार ट्रस्ट को स्थानांतरित की गई। इसके बाद चर्च और वहां से चर्च के लोगों व ब्रॉडवेल हॉस्पिटल को रकम दी जाती रही। हलफनामे में यह भी कहा है कि विभिन्न जगहों पर तलाशी के दौरान प्रचार सामग्री व दस्तावेज जब्त किए गए, जिसमें ईसाई धर्मांतरण के लाभों के साथ लोगों को लुभाने के लिए उपयोग की जाने वाली वस्तुओं की सूची शामिल थी। ईसाई बनने पर 35 हजार, प्रेरित करने पर बोनस पुलिस के हलफनामे के अनुसार, प्रचार सामग्री में उल्लेख है कि ईसाई धर्म अपनाने पर 35 हजार रुपये



दिए जाएंगे। इसके लिए प्रेरित करने पर बोनस भी मिलेगा। साथ ही, ईसाई धर्म का प्रचारक बनने पर 25 हजार मासिक वेतन व पांच से 10 लोगों का धर्मांतरण कराने पर और अधिक बोनस मिलेगा। मरीजों का भी धर्म परिवर्तन : हलफनामे के मुताबिक, धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया 40 दिन में पूरी होती है। मिशनरी अस्पतालों के रोगियों का धर्म परिवर्तन कराया जाता है।ध्अस्पताल के कर्मचारी इस प्रक्रिया में शामिल होते हैं। पादरी ने मानी धर्म परिवर्तन की बात पुलिस का हलफनामे में दावा है कि इवेंजेलिकल चर्च ऑफ इंडिया, हरिहरगंज, फतेहपुर के पादरी ने अधिकारियों को बताया कि वह और उसके साथी हिंदुओं व मुसलमानों को प्रलोभन देकर धर्मांतरित कर रहे हैं। वे इस मकसद के लिए दस्तावेज में नामों का हेरफेर भी करते हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की है रोक...सुप्रीम कोर्ट ने शुआट्स के कुलपति और निदेशक की गिरफ्तारी पर मार्च में, जबकि यूनिवर्सिटी के अन्य अधिकारियों की गिरफ्तारी पर छह अप्रैल को रोक लगा दी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इन आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से इन्कार किया था। आरोपियों ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह जी की दूसरी पुण्यतिथि पर कोटि–कोटि नमन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रोहित अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष (व्यापार) राष्ट्रीय लोकदल ने आधुनिक भारत के किसानों के मसीहा, देश की राजनीति को अलग तरीके से देखने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह जी की दूसरी पुण्यतिथि पर कोटि–कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के पूर्व प्रमुख चौधरी अजीत सिंह जी, जिन्हें भारत के सबसे बड़े किसान नेता के रूप में जाना जाता है, और वास्तविकता यही है, यदि कोई चौधरी साहब के जीवन को एक पंक्ति में कहना चाहे तो वो यही होगा, "प्प्ज् ळतंकनंजम से लेकर प्रिय किसान नेता बनने तक का सफर!" चौधरी अजीत सिंह जी विदेश में एक बेहतर भविष्य का त्याग कर जन सामान्य की सेवा का संकल्प लेकर स्वदेश लौटे थे, उनका जो कद राजनीति में रहा वो उन्होने स्वयं अर्जित किया, चौधरी साहब ने कभी भी द्वेष की राजनीति नहीं की और ना कभी इस प्रकार की राजनीति में सहयोग किया, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, किसान आंदोलन के दौरान जब सरकार ने राकेश टिकैत को चारों तरफ से घेर लिया था और राकेश टिकैत टूटने ही वाले थे, उस समय चौधरी अजीत सिंह जी ने उनको फोन कर उनका मनोबल बढ़ाया और कहा कि मैं तुम्हारे साथ हूं, और किसान के अस्तित्व की लड़ाई के लिए हर संभव मदद करूंगा, जनहित के लिए



जो निज हित का त्याग करे वही सच्चा जननेता होता है! 6 बार लोकसभा और एक बार राज्यसभा के सदस्य रहे चौधरी अजीत सिंह जी की सादगी, सहजता का अनुभव मैंने व्यक्तिगत रूप से किया है, कभी किसी भी मुद्दे पर चौधरी साहब की प्रतिक्रिया बड़ी गंभीर रहती थी, वो मुद्दा चाहें पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की लड़ाई का ही क्यों ना हो, चौधरी साहब का स्नेह, अपनापन आज भी दिल में घर बनाए हुए है, आज चौधरी साहब को गए हुए एक वर्ष पूर्ण हो गया, वो दिन भुलाए नहीं भूलता, आप जहां भी होंगे अपने किरदार की खुशबू से जमाना महका रहे होंगे, "व्यक्ति दुनियां से चले जाते हैं, उनका व्यक्तित्व अमर हो जाता है"! चौधरी अजीत सिंह जी की दूसरी पुण्यतथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि ! चौधरी अजीत सिंह जी अमर रहें!

## बहराइच में भीषण सड़क हादसा : तेज रफ्तार डंपर की ऑटो से भिड़ंत : अब तक छह की मौत : 9 का चल रहा इलाज

बहराइच ब्यूरो : लखनऊ मार्ग पर कैसरगंज कस्बे में गुरुवार रात एक बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। ऑटो सवार लोगों को एक डंपर ने रौंद दिया। हादसे में ऑटो सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। घायल नौ लोगों का इलाज चल रहा है। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। मृत लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। सभी लोग तिलक कार्यक्रम से वापस अपने घर आ रहे थे। जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनी निवासी मंशाराम की बेटी का विवाह कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के रुकनापुर गांव से तय हुआ था। गुरुवार को तिलक कार्यक्रम था। जिस पर मंशाराम रिश्तेदार और परिवार के लोगों के साथ तिलक लेकर रूकनापुर गांव ऑटो से गया था। तिलक कार्यक्रम निपटाने के बाद सभी रात में वापस लौट रहे थे। रात एक बजे के आसपास सभी ऑटो सवार लखनऊ– बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली के मदनी हॉस्पिटल के सामने पहुंचे। तेज रफ्तार में डंपर ने ऑटो को रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही पांच लोगों की मौत हो गई। एक



घायल की मौत अस्पताल में हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई थी। जानकारी पर कोतवाल दद्दन सिंह, सीओ कमलेश सिंह, एसडीएम महेश कुमार कैथल भी घटनास्थल पर पहुंचे थे। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। कोतवाल ने बताया कि हादसे में ऑटो सवार पांच लोगों की मौत हुई है। जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि डंपर चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया । उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई।

## एक माँ वो है जो सरलता से हमारे जीवन में किसी का भी स्थान ले सकती है परन्तु उसका स्थान कोई नहीं ले सकता –मनीष सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस0 के0 डी0 एकेडमी की पांचों शाखाओं के बच्चो ने मदर्स डे स्कूल में अपनी माताओं के साथ मनाया। बच्चों के द्वारा अपनी मम्मियों पर तरह तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसकी सभी मदर्स व स्कूल के प्रधानाचार्यों तथा अध्यापकों ने सराहना की। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी माताओं के साथ कई तरह के कार्यक्रम किये मदर्स को गेम्स खिलाये गये एव बच्चों द्वारा अपनी माताओं की मदद से लेकर उनकों उपहार भी बनाकर दिये। इस अवसर पर बच्चों ने सुन्दर सुन्दर कलाकृति भी बनाई जिसमें पेन्टिंग, कार्ड, शोपिस एव कई तरह के उपहार जिसे बच्चों ने अपनी माताओं को भेट किया। सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों ने बच्चों से बात करते हुएं उनके कलाकृति की प्रषंसा की एवं बच्चों को उनके जीवन में मां की भूमिका को भी समझाया। कई बच्चों की कलाकृति को चयन करके एस0के0डी0 एकडमी के फेसबुक में प्रदर्शित किया गया है। इस



अवसर पर संस्था के निदेशक मनीष सिंह ने बच्चों को एक व्यक्ति के जीवन में माँ का महत्व बताते हुए कहा कि "एक माँ वो है जो सरलता से हमारे जीवन में किसी का भी स्थान ले सकती है परन्तु उसका स्थान कोई नहीं ले सकता।

## उस्मान शाह दादा मियां दरगाह के अंदर मजार की चादर से लटका मिला शव!

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उस्मान शाह दादा मियां की दरगाह के अंदर मजार पर चढ़ाई जाने वाली चादर से युवक का शव फांसी पर लटका हुआ देखे जाने से वहां हड़कंप मच गया। शाहबाद कोतवाली इनायतपुर के इस मामले की गहराई से जांच–पड़ताल की जा रही है। युवक ने दरगाह के अंदर ऐसा क्यों किया ? लोग इसी पर बहस कर रहें हैं। बात शनिवार की सुबह की है। शाहाबाद कोतवाली के इनायतपुर में गांव के बाहर उस्मान शाह दादा मियां की दरगाह है। वहां के खधादिम जब वहां पहुंचे तो दरगाह का दरवाजा बंद था। उन्होंने अंदर झांक कर देखा तो वहां एक युवक मजार पर चढ़ाई जाने वाली चादर से बंधा हुआ लटकता दिखाई दिया। इस पर उन्होंने इस बारे में गांव के प्रधान को बताया। प्रधान की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने दरगाह का दरवाजा खोला तो वहां उसी गांव का 27 वर्षीय सोनू पुत्र हंसराम का शव लटकता हुआ मिला। पुलिस शव को उतार कर उसे अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। इस बारे में बताया गया है कि सोनू खेती–किसानी करता था। उसने ऐसा क्यों किया? लोग इसी पर बहस कर रहे हैं। वहीं पुलिस भी हर पहलू से जांच–पड़ताल कर रही है। सोनू के परिवार में उसकी पत्नी व दो बच्चे हैं।

# छेड़खानी के विरोध पर किशोरी को अर्धनग्न कर पीटा : नहीं हुई एफआईआर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला जोगियापुर में एक किशोरी के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर पिटाई का मामला प्रकाश में आया है जो न्याय के लिए दर. दर भटक रही है। किशोरी ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया लेकिन कोतवाली पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जिससे आरोपी का मनोबल बढ़ गया है। एक तरफ योगी आदित्यनाथ की सरकार महिलाओं को कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था देने की गारंटी का दावा जहां ठोक रही है वहीं पुलिस पीड़ित किशोरी की एफआईआर दर्ज न कर सरकार के दावों का पोल खोल रही है। इस संबंध में किशोरी का कथन है कि वह लाइन बाजार थाना क्षेत्र के वाजिदपुर दक्षिणी में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई कर रही है। गुरुवार के दिन 130 जरूरी काम से वह गोगिया पुर की तरफ से ओलांदगंज आ रही थी इसी बीच उसके एक रिश्तेदार का लड़का प्रिंस कुमार पुत्र रामगुलाम निवासी बियसिया थाना खुटहन रास्ते में मिल गया बातचीत करते समय वह उसे अपने कमरे पर ले गया जहां उसके साथ छेड़खानी करने लगा। किशोरी ने छेड़खानी का विरोध किया तो उसने उसके सारे कपड़े फाड़कर अर्धनग्न कर दिया। अर्धनग्न करने के बाद उसकी जमकर पिटाई कर दिया उसका शोरगुल सुनकर आसपास के लोग जुट गए और दरवाजा खुलवा कर उसे मुक्त कराया। दरवाजा खुलवाने वाले लोगों ने चादर आदि किशोरी को दे कर वहां से भेज दिया। गुरुवार को ही किशोरी ने लिखित सारी देखकर कोतवाली पुलिस से शिकायत किया लेकिन उसकी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। किशोरी ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।

## देश को दिशा देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका –रमेश सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान के विश्वसरैया संगोष्ठी हाल में शनिवार को राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषयक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ने कहा कि युवा भारत के शिल्पकार हैं। देश को दशा और दिशा देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्व के विकसित देशों में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे भारतीय युवा हीं हैं। इसका मतलब हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था में वह ताकत है। आज हमे इसका उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करने की जरूरत है। उन्होंने अपने छात्र जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि असली संस्कार घर से नहीं शिक्षा मंदिर से मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री माननीय नरेद्र मोदी के यंग इंडिया अभियान से ही विश्व में भारत को नई पहचान मिली है। इसके पीछे भी देश के युवाओं की कड़ी मेहनत है। संकायाध्यक्ष प्रो. बीबी तिवारी ने कहा कि युवा का मतलब ऊर्जा होता है। इतनी ऊर्जा किसी देश के पास नहीं है। इसका सकारात्मक लाभ देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता की दृष्टि से हमारा विश्वविद्यालय हर कसौटी पर खरा उतरा है। कौशल विकास केंद्र



के समन्वयक और गणित के विभागाध्यक्ष डॉ राजकुमार ने कहा कि देश में राष्ट्र निर्माण करने वाली युवाओं की जरूरत है जिससे देश विकास की ऊंचाइयों को छू सके। उन्होंने निःशुल्क प्रेरणा कोचिंग और विश्वविद्यालय के कौशल विकास के निःशुल्क प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के निर्देशन में हम लोगों को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ मनीष प्रताप सिंह ने और संचालन शुभम ओझा ने किया। इस अवसर पर डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ नृपेंद्र सिंह, डॉ मुनींद्र सिंह, डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ पीसी यादव, दीपक सिंह, विशाल यादव, सौरभ सिंह, प्रिंस त्रिपाठी आदि ने भाग लिया।

# चन्दवक थाना अंतर्गत पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए शनिवार को प्रभारी निरीक्षक चंदवक के नेतृत्व में थाना चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना मु0अ0सं0–78/23 धारा–363/366/376 भा0द0वि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना चंदवक जौनपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आशू पुत्र सेरई निवासी कुसुम्ही थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को कोईलारी मोड से गिरफ्तार किया गया।अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्तद् आशू पुत्र सेरई निवासी कुसुम्ही थाना चन्दवक जनपद जौनपुर उम्र




करीब 21 वर्ष आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 78/23 धारा 363/366/376 भा0द0वि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना चंदवक जनपद जौनपुर।

## वन संरक्षण के विरुद्ध हरे पेड़ो की कटाई करने वाले 6 गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा धारा 4/10 भारतीय वन अधि0 1927 से संबंधित 06 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से दो कुल्हाड़ी, दो रस्सा, 02 मशीन कटर व हरा पेड नीम बरामद। पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद में चलाये जा रहे पर्यावरण/वन संरक्षण के विरुद्ध सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मु0अ0सं0–108/23 धारा 4/10 भारतीय वन अधि0 1927 जौनपुर में वांछित अभियुक्त गण रामचन्दर चौहान पुत्र मुरली चौहान निवासी ग्राम जमुआ थाना सिकरारा जनपद जौनपुर आदि 06 नफर को ग्राम जमुआ से हरे पेड नीम आदि व पेड काटने के उपकरण सहित दि0 05.05.2023 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता इस प्रकार है। 1.रामचन्दर चौहान पुत्र मुरली चौहान निवासी ग्राम जमुआ थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 2.सुरेश चौहान पुत्र चन्द्रशेन चौहान निवासी ग्राम जमुआ थाना सिकरारा जनपद जौनपुर। 3.विनोद गौतम पुत्र रामशिरोमणि निवासी ग्राम परसत थाना मड़ियाहुँ जनपद जौनपुर। 4. रोशन अली पुत्र अली मोहम्मद निवासी ग्राम रखवा थाना मड़ियाहुँ जनपद जौनपुर। 5. डाक्टर गौतम पुत्र कल्लु गौतम निवासी ग्राम गौहर थाना मड़ियाहुँ जनपद जौनपुर। 6. मकालु गौतम पुत्र उमेध गौतम निवासी ग्राम बरमदेवा थाना मड़ियाहुँ जनपद जौनपुर।

# महिला ने सास ससुर पर मारने पीटने का लगाया आरोप : सूचना पर पहुची पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के अमरा गांव में एक महिला ने अपने सास व ससुर पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को बुला लिया। मौके पर पहुची पुलिस महिला द्वारा दिये गए तहरीर पर जांच में जुटी हुई हैं। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के अमरा गांव निवासी सीतू देवी पत्नी प्रवेंद्र कुमार ने शनिवार को दोपहर बाद पुलिस को सूचना दिया कि उसके सास व ससुर उसको बेरहमी से मार पीट रहे है। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुच गयी। पुलिस ने महिला के सास ससुर को समझा बुझाकर शांत कराया। सीतू देवी गौराबादशाहपुर थाने पर पहुचकर अपने सास ससुर पर मारने पीटने व प्रताणित करने का आरोप लगाते हुए लिखित तहरीर दिया। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने पूछे जाने पर कहा मामले की जानकारी हमें नही है। फिर भी अपने स्तर से दिखवाता हु। उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शिवपूजन पाण्डेय को मुंबई में राज्यपाल ने दिया वाग्धारा सम्मान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खुटहन थाना क्षेत्र के महमदपुर गुलरा गांव निवासी व मुम्बई से सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पाण्डेय को को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पत्रकारिता के




क्षेत्र में विशेष योगदान पर वाग्धारा स्वयंसिद्ध सम्मान प्रदान किया।श्री पाण्डेय इसके पूर्व बांबे में ही शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में महापौर पुरस्कार, पंडित दीनदयाल सम्मान, जवाहरलाल नेहरू युवा पुरस्कार, वंशनारायण मिश्र व आदर्श मंच संचालनपुरस्कार से नवाजे जा चुके हैं।मुम्बई की प्रतिष्ठित संस्था वाग्धारा के सौजन्य से आयोजित सम्मान समारोह में देशद्द के कोने कोने से शिक्षा, पत्रकारिता,समाजसेवा आदि क्षेत्रों में विशेष योगदान करने वाले कई ब्यक्तियों का सत्कार किया गया। जिसमें श्री पाण्डेय को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर शंकर सिंह,श्रीमती शर्मिला राजठाकरे भी मौजूद रहे।

## पुलिस नें एक वारंटी को किया गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद पुलिस ने 01 वारण्टी को किया गिरफ्तार डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी के नेतृत्व मे उ0नि0 अजय शर्मा, उ0नि0 रामजनम यादव व का0 राजू यादव के मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ जौनपुर ता0पे0 08.05. 2023 द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के वारण्टी शिवसागर चतुर्वेदी पुत्र जगदम्बा प्रसाद चतुर्वेदी निवासी दुल्हेपुर थाना जफराबाद जौनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1. शिवसागर चतुर्वेदी पुत्र जगदम्बा प्रसाद चतुर्वेदी निवासी दुल्हेपुर थाना जफराबाद जौनपुर।

# करंट की चपेट मे आने से भतीजे की मौत चाचा घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के बड़ेरी गांव में घर के पीछे गिरे केबल तार को मोड़कर रखते समय विद्युत करंट की चपेट में आने से जहाँ भतीजे की मौत हो गई। वही झुलस कर चाचा भी घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया! बड़ेरी गांव निवासी विजय बहादुर सिंह अपने घर के पीछे रात में आंधी तूफान से गिरे केबल तार को सुरक्षा के दृष्टिगत मोड़ रहे थे। केबल तार बीच में कही पर कटे होने से उसमें धारा प्रवाहित हो रही थी। जिससे केबल तार को मोड़ रहे विजय बहादुर करंट की चपेट में आ गए। वही चाचा को करंट से झुलसते देख बचाने के लिए दौड़े भतीजे संतोष सिंह (43) भी करंट की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। परिजनों में माँ शान्ति देवी, पत्नी नीलम, पुत्र अंश 14 वर्ष, पुत्र माही 13 वर्ष पुत्री महक 11 वर्ष का रोते रोते बुरा हाल है!

## विषैला जंतु काटने से किशोरी की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र के कठवारा गांव निवासी मोहम्मद हारून की 13 वर्षीय पुत्री सना जौनपुर शहर में अपने किसी रिश्तेदार के यहां आई हुई थी। शुक्रवार दोपहर उसे किसी विषैले जानवर ने काट लिया था। परिवार के लोग आनन.फानन में मोटरसाइकिल पर ही लाकर उसे जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक में उसे मृत घोषित कर दिया। उसी समय परिवार के अन्य लोग भी रोते बिलखते हुए जिला अस्पताल पहुंच गए और लास्ट को लेकर अपने घर चले गए। इस बात का पता नहीं चल सका है कि वह जौनपुर शहर में किसके यहां आए हुए थें।

# पूर्वांचल के प्रतिभाओं को सम्मानित करेगी द्वारिकामाई संस्था

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वांचल की प्रतिभाओं को पूर्वांचल गौरव सम्मान से द्वारकामाई चौरिटी संस्था ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस संदर्भ में द्वारकामाई चौरिट संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरीशंकर चौबे




ने पत्रकारो से बात करते हुए कहा पूर्वांचल के जनपदवाराणसी,मिर्जापुर,सोनभद्र, जौनपुर,आजमगढ़, भदोही प्रयागराज के जिन लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, जल–संरक्षण, पौधरोपण,रोजगार आदि के क्षेत्रों में विशेष कार्य किया है। ऐसे लोगों को हमारी संस्था ने 23 मई को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। हमारा प्रयास है कि पूर्वांचल के वे सभी लोग जिन्होंने किसी भी क्षेत्र में समाज को लाभ पहुंचाने का कार्य किए हैं।उन्हें हम सम्मानित करेंगे। जिससे और भी लोग समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित हो। इस दौरान डा. दिलीप पाल, बलवंत वर्मा, राजेश पाल, महेंद्र पाल आदि उपस्थित थे।

# ''फैमिली आई0डी0–एक परिवार एक पहचान योजना''

जौनपुर सू.वि. : जनपद निवासियों को सलाह दी जाती है कि उत्तर प्रदेश सरकार की फैमिली आई0डी0–एक परिवार एक पहचान योजना के अंतर्गत रोजगार से वंचित परिवारों को चिन्हित कर रोजगार के समुचित अवसर प्राथमिकता पर उपलब्ध कराना, लोक कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शितापूर्वक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना तथा योजनाओं के चयन में पारदर्शिता लाना इसका मुख्य उद्देश्य है। प्रदेश स्तर पर ''फैमिली आई0डी0–एक परिवार एक पहचान योजना'' के अंतर्गत फैमिली आई०डी०–एक परिवार एक पहचान योजना हेतु विकसित पोर्टल (https%//familyid.up.gov.in) के माध्यम से आवेदन करने पर सत्यापनोपरान्त फैमिली आई0डी0 उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। भविष्य में सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु स्वेच्छा से फैमिली आई0डी0 प्राप्त कर सकते हैं, फैमिली आई0डी0 निर्मित करने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया संचालित की जा रही है। फैमिली आई0डी0 प्राप्त करने हेतु आवेदक यदि स्वयं ऑनलाइन आवेदन करता है तो उसे कोई यूजर चार्ज नहीं देय होगा। यदि आवेदक जनसेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन करता है तो उसका चार्ज एक फैमिली आईडी हेतु निर्धारित है। आवेदक द्वारा आवेदन करने के पश्चात फैमिली आई0डी0 का सत्यापन शहरी क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी तथा सम्बन्धित लेखपाल के माध्यम से तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सचिव के माध्यम से किया जाएगा। जनपद में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु फैमिली आई0डी0 प्राप्त करने के लिए इच्छुक आवेदक स्वयं फैमिली आई0डी0 हेतु निर्मित पोर्टल पर जाकर अपने परिवार एवं स्वयं की जानकारी भरते हुए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के उपरांत उनकी जांच सम्बन्धित ग्रामीण शहरी क्षेत्र हेतु नामित अधिकारियों द्वारा किए जाने के उपरांत एक यूनिक फैमिली आई0डी0 प्रदान की जाएगी। आवेदक को यह भी सुविधा प्रदान की जाती है कि वह यदि स्वयं आवेदन करने के लिए सक्षम नहीं है, तो नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र पर अपने फैमिली आई0डी0 हेतु आवेदन करा सकते हैं। आवेदन हेतु उन्हें शासन द्वारा निर्धारित शुल्क कुल रू30 देना होगा, आवेदन के उपरांत उनके आवेदन की जांच सम्बन्धित ग्रामीण शहरी क्षेत्र हेतु नामित नोडल अधिकारी द्वारा किए जाने के उपरांत उन्हें एक यूनिक आई0डी0 प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग उनके द्वारा भविष्य में रोजगार सम्बन्धी गतिविधि प्राप्त करने के लिए की जाएगी। जनपद में अब तक फैमिली आई0डी0 पोर्टल पर शहरी क्षेत्र हेतु कुल 108 आवेदन किए गए हैं जिसमें से जांच उपरांत 15 आवेदन को स्वीकृत किया गया है तथा 22 आवेदन निरस्त किए गए हैं शेष आवेदन पर जांच प्रक्रिया विद्यमान है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र हेतु अब तक 1384 आवेदन किए गए हैं, जिसमें 405 आवेदन स्वीकृत हुए हैं तथा 459 आवेदन निरस्त किए गए हैं, इसके अतिरिक्त अवशेष आवेदकों के आवेदन पर जांच प्रक्रियाधीन है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विभिन्न समाचार पत्रों एवं चौनलों के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार प्रसार कराएं।

नोटः समस्त जनपदवासियों से अपेक्षा है कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की रोजगारपरक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक लोग फैमिली आई0डी0 प्राप्त करने हेतु उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करते हुए आवेदन कर सकते हैं।

# अवधेश राय हत्याकांड की अंतिम बहस जारी : मुख्तार अंसारी है मुख्य आरोपी : कोर्ट ने सुनवाई के लिए दी तारीख

वाराणसी ब्यूरो : विशेष न्यायाधीश (एमपी/एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में लंबित चर्चित अवधेश राय हत्याकांड में आरोपी पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की तरफ से अंतिम बहस जारी है, आरोपी मुख्तार के अधिवक्ता ताराचंद ने अपना बहस पूरा कर लिया,जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी की बहस अभी जारी है। जिसके बाद अदालत ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि 11 मई नियत कर दी। बता दें कि लहुराबीर क्षेत्र में तीन अगस्त 1991 को अवधेश राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड को लेकर मृतक के भाई पूर्व विधायक अजय राय ने मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, राकेश न्यायिक समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में अबियोजन की बहस पूरी होने के बाद कई तारीखों में मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता ताराचंद ने अपनी बहस पूरी



किया,जबकि स्थानीय अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी की बहस जारी है। उधर सुनवाई के दौरान मुख्तार अंसारी भी बांदा जेल से जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग पेश होकर बहस को सुन रहे थे और बीच–बीच में अपनी बात न्यायालय व अपने अधिवक्ता के समक्ष रख रहे थे। वहीं सुनवाई के दौरान अदालत में वादी पक्ष के अधिवक्ता अनुज यादव व विकास सिंह के साथ एडीजीसी विनय कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# भदोही में भीषण आग: कालीन कारखाने में लगी आग : लाखों का कच्चा व तैयार माल जलकर राख

भदोही ब्यूरो : भदोही में औराई कोतवाली क्षेत्र के घोसिया के पास वाराणसी–प्रयागराज हाईवे पर सर्विसलेन के किनारे स्थित एक कालीन कंपनी में शनिवार को भीषण आग लग गई। आग की सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारण कालीन कारोबारी का लाखों का नुकसान हो गया। आग किन कारणों से लगी। यह अब तक पता नहीं चल सका है। जानकारी के मुताबिक औराई कोतवाली क्षेत्र के घोसिया में हाइवे पर सर्विसलेन के किनारे रहीम की कालीन कंपनी चलाते हैं। शनिवार को कंपनी में अचानक आग लग गई। कंपनी में काम कर रहे मजदूर और अन्य लोग जब तक कुछ समझ पाते। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। आनन–फानन में इसकी सूचना पर फायर सर्विस व पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग तीसरे मंजिल पर लगी होने से दमकदकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकर्मी अगल–बगल के मकान पर चढ़कर आग पर काबू



पाने का प्रयास किया। लगभग एक से दो घंटे बाद किसी तरह आग को बुझाया जा सका, लेकिन तब तक कंपनी में रखे लाखों के कच्चे और तैयार माल जलकर राख हो गए। आग से हुए नुकसान से कालीन कारोबारी बदहवास पड़ा रहा। आग किन कारणों से लगी है। अभी तक इसका पता नहीं चल सका है।

# 10 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगरा बादशाहपुर थाना पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 10 लीटर कच्ची देशी शराब बरामद पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण व दिशा निर्देशन में थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर पुलिस टीम द्वारा जरिये मुखबिर खास की सूचना पर दिनाकं 05.05.2023 को अनिल कुमार वनवासी पुत्र लल्लू बनवासी निवासी बडागाँव मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को सटवां तिराहा से उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ पकड़कर थाना हाजा लाकर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 105/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.अनिल कुमार वनवासी पुत्र लल्लू बनवासी निवासी बडागाँव मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 105/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# ऑटो पलटनें से एक की मौत व तीन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के लखनऊ–बलिया मार्ग स्थित सूरापुर के पास शनिवार दोपहर अनियंत्रित आटो के पलटने से उसमें सवार एक व्यक्ति की जहां मौत हो गई वहीं तीन अन्य घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही की। पलिया गांव निवासी राजकरन बिंद (65) व सुभाष उर्फ पप्पू तथा ईशापुर निवासी दिलीप आदि सरपतहां मोड़ से कहीं जाने के लिए आटो पर सवार हुए। कथित तौर पर ऑटो सूरापुर के पास जैसे ही पहुंचा अचानक बीच सड़क पर सामने से आए एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर मे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। चीख पुकार सुनकर घटनास्थल पर जुटे राहगीरों ने किसी तरह सभी को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुइथाकलां लाया गया जहां चिकित्सकों ने राजकरन बिंद को मृत घोषित कर दिया। जब कि अन्य घायलों को बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## नगर पंचायत में चुनाव को लेकर एसडीएम सीओ कोतवाल हुए एक्टिव : शराबियों के खिलाफ चलाया अभियान

अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार। बीकापुर–अयोध्या। नगर पंचायत चुनाव को लेकर बीकापुर नगर पंचायत में एसडीएम प्रशांत कुमार और सीओ डा राजेश तिवारी के साथ प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय बीकापुर द्वारा चेकिंग अभियान किया गया तेज। सीओ डॉ राजेश तिवारी द्वारा कई शराबियों को दबोचा गया शराब कहां से मिल रही है उसके बारे में भी जानकारी ली गई सीओ ने बताया कि शराब बांटने और पैसा बांटने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी कहा कि प्रशासन सभी प्रत्याशियों पर निगाह बनाए हुए हैं सीओ ने बताया कि चौराहों पर खुलने वाली चाय पान की दुकानों पर देर शाम तक जमावड़ा नहीं लगने दिया जाएगा इसके लिए सभी दुकानदारों को बता दिया गया है कि निर्धारित समय से दुकानें बंद करने और अपनी दुकानों पर अनाधिकृत रूप से भीड़ है ना जुटने दे। बीकापुर नगर पंचायत में उतरे कुछ पूंजीपतियों द्वारा शराब, साड़ी और नगदी बांटने की चर्चा हो रही है, जिसके कारण पुलिस एक्टिव हो गई है। एक दिन पूर्व ही एक ही पुरवे के निवासी दो प्रत्यासियों के खिलाफ 151 की कार्यवाही की गई है। दोनो अध्यक्ष पद के प्रत्यासी बताए गए है।

## नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



अयोध्या (क्राइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।जनपद अयोध्या में अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु व वांछित/वारण्टी अपराधियों व महिला संबंधित अपराधो से संबंधित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतुल कुमार सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में व डा0 राजेश तिवारी क्षेत्राधिकारी बीकापुर निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक अरसद थाना हैदरगंज अयोध्या उ0नि0 राकेश कुमार शर्मा मय पुलिस बल के द्वारा अभि0 गुलफान पुत्र सुब्बन उम्र 20 वर्ष नि0 कटका थाना गोशाईगंज जनपद सुल्तानपुर ब्रम्ह बाबा तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का क्षत–विक्षत शव : गश्त लगा रहे गैंगमैन ने देखी लाश : मौके पर पहुंची पुलिस

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में सेवापुरी / उत्तर रेलवे के कपसेठी रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर सिग्नल के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की उम्र 28 साल बताई जा रही है। शव क्षत–विक्षत अवस्था में मिला है। क्षत–विक्षत लाश देखकर इसकी सूचना कपसेठी के स्टेशन मास्टर अब्दुल कसाब को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर भदोही से पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह जब गैंगमैन पेट्रोलिंग पर जा रहे थे तो रेलवे ट्रैक के पास शव पड़ा देखा। मृतक ने काले रंग का लोअर पहना था और उसके पास कोई अन्य ऐसा सामान नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। फिलहाल प्रथम दृष्टया पुलिस मौत का कारण ट्रेन से कटना बता रही है।

## मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण 09 से 11 मई तक दो पालियों में कराया जायेगा –सीडीओ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय हरदोई, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक सौम्या गुरूरानी ने अवगत कराया है कि नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की मतगणना सम्पन्न कराने हेतु मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण स्थानीय रसखान प्रेक्षागृह में 09 से 11 मई 2023 तक दो पालियों में कराया जायेगा। सीडीओ बताया कि 09 मई को प्रथम पाली में प्रातः 10 से दोपहर 1.30 बजे तक पार्टी संख्या 01 से 422 के मतगणना पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण होगा और द्वितीय पाली 02 से 5.30 बजे में पार्टी संख्या 423 से 844 के मतगणना सहायक, 10 मई को प्रथम पाली में 845 से 1266 तक मतगणना सहायक, द्वितीय पाली में 1267 से 1688 तक मतगणना सहायकों तथा 11 मई को प्रथम पाली में पार्टी संख्या 1689 से 2074 तक के चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों और 11 मई 2023 को ही द्वितीय पाली में 09 व 10 मई को प्रशिक्षण में छूटे सभी कार्मिकों को मतगणना प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये है कि प्रेक्षागृह के बाहर कम से कम दो सहज दृश्य स्थलों पर फ्लेक्श डिस्प्ले कराये और सीटों पर



स्लिप चस्पा करायें तथा जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रशिक्षण में आने वाले मतगणना कार्मिकों की उपस्थित हेतु शीट प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए मतगणना प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर की तैनाती करें। उन्होने प्रेक्षागृह की सफाई तथा पेय जल की व्यवस्था कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिये।

## सोनभद्र में चेकिंग के दौरान कार से दस लाख रुपये नकदी बरामद : पुलिस ने किया सीज

सोनभद्र ब्यूरो : चोपन में निकाय चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए गठित उड़ाका दल ने चोपन बैरियर के पास चेकिंग के दौरान एक कार से दस लाख रुपये नकदी बरामद किया। यह पैसा रखने वाले शख्स ने इसे शराब गोदाम का बताया, लेकिन कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने इस राशि को सीज कर दिया है। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस व एसएसटी टीम शुक्रवार की रात चोपन में बैरियर पर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच राबर्ट्सगंज की तरफ से आ रही स्कार्पियो को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कार्यपालक मजिस्ट्रेट उदय कुमार गुप्ता की टीम ने रोक कर चेक किया गया तो वाहन में सवार अभिषेक कुमार राय निवासी ओबरा के पास रखे हरे रंग के बैग से रुपया 10 लाख



दस हजार रुपये नकद बरामद हुआ। इस नकदी के सम्बन्ध में अभिषेक कुमार राय से वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने को कहा गया तो बताया कि यह शराब के गोदाम का पैसा है, जिसका वैध प्रपत्र इस समय मेरे पास मौजूद नहीं है। लिहाजा टीम ने नकदी को नियमानुसार मौके से सीज कराकर विधिक कार्यवाही करते हुए थाना चोपन मालखाना में सुरक्षार्थ दाखिल किया गया।

## अशरफपुर पुल पर ट्रक और बस की टक्कर : बस चालक घायल : डेढ़ घंटे बाधित रहा मार्ग



आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़–गोरखपुर मार्ग स्थित असरफपुर पुल पर शनिवार की भोर में अनुबंधित बस और ट्रक की टक्कर की आमने सामने टक्कर हो गई। इस घटना में बस चालक बुरी तरह से घायल हो गया। कुछ यात्रियों को भी हल्की चोटें आई। घटना के बाद मार्ग पर जाम लग गया। काफी मशक्कत करके डेढ़ घंटे बाद पुलिस ने क्रेन से बस और ट्रक को हटवाकर आवागमन शुरू कराया। गोरखपुर से आजमगढ़ जा रही रोडवेज की अनुबंधित बस जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अशरफपुर पुल पर पहुंची ही थी कि सामने से आ रहा ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों वाहन आपस में फंस गए। बस चालक राकेश गोड़ 32 वर्ष पुत्र भूलन गोड़ निवासी चक कटाक्ष, थाना मेंहनगर बुरी तरह से घायल हो गया। जिसका इलाज चल रहा है। वहीं बस में एक व्यक्ति सवार था, जिसको हल्की चोट लगी हैं जो इलाज कराकर घर जा चुका है। सूचना पाकर जीयनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन मंगाकर बस और ट्रक को हटवाया। तब जाकर डेढ़ घंटे बाद आवागमन चालू हो सका। परिचालक सुमन्त सिंह पुत्र बृजपाल सिंह, निवासी महुआ, थाना जहानागंज ने ट्रक के खिलाफ जीयनपुर कोतवाली में तहरीर दी है।

## साकेत नगर से निर्दल पार्षद प्रत्याशी संतोष श्रीवास्तव दीपा ने किया देवकाली में जनसंपर्क

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर निगम अयोध्या के वार्ड संख्या 33 साकेत नगर से निर्दल पार्षद प्रत्याशी संतोष श्रीवास्तव दीपा पत्नी अनिल श्रीवास्तव राजू के साथ शुक्रवार को देवकाली मोहल्ले में जाकर जनसंपर्क किया इस मौके पर उन्होंने मोहल्ले वासियों को आश्वस्त किया कि अगर वह हमें साकेत नगर वार्ड से पार्षद पद पर विजई बनाते हैं तो उनकी मूलभूत समस्याएं बिजली पानी सड़क सफाई जैसे अन्य आवश्यक सुविधाओं के समाधान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जाएगा जनसंपर्क के दौरान लोगों ने भी यहां की मुख्य समस्या बिजली पानी सड़क नाली सफाई व्यवस्था बताई।इस मौके पर कुसुम श्रीवास्तव,प्रतिभा श्रीवास्तव ,इंद्रावती सिंह ,कंचन सिंह, सुचित्ता यादव रूबी सिंह ,सोनाली ,सुनीता कंचन, श्रीवास्तव ,आरती मिश्रा ,रेखा पांडे अरुण



श्रीवास्तव सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,संतोष चतुर्वेदी,दिलीप श्रीवास्तव,राहुल श्रीवास्तव,अभिषेक सिंह, सुरेन्द्र श्रीवास्तव,मोहित पाठक, अजय पाठक, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, विवेक चतुर्वेदी,अवनीश दुबे के अलावा देवकाली क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एनकाउंटर के डर से सरेंडर कर रहे हैं गैंगस्टर : एक और आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

बलिया ब्यूरो : असलहा कारोबारी नंदलाल आत्महत्या मामले में आरोपी रणजीत सिंह हनुमान ने शनिवार को गैंगस्टर मामले में कोतवाली पुलिस के समक्ष सरेंड कर दिया। बाद में पुलिस ने अभियुक्त को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया। मामले में फिलहाल शैलेश सिंह, संजय मिश्रा व राजू मिश्रा फरार चल रहे है। इनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की प्रकिया में जुटी है। एक दिन पूर्व शुक्रवार को मामले में आरोपी अजय सिंघाल, देव नारायण सिंह पूना व आलोक सिंह ने पुलिस को चकमा देकर अदालत में आत्मसमर्पण किया था। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन मालगोदाम रोड़ निवासी असलहा व्यापारी नंद लाल ने एक फरवरी को सूदखोरों के प्रताड़न से तंग होकर दुकान में फेसबुक लाइव आकर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पत्नी मोनी गुप्ता की तहरीर पर 13 नामजद व पांच अज्ञात लोगों पर सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें कानपुर की दो असलहा प्रतिष्ठानों के अलावा जिले के 11 सूदखोर शामिल रहे। पुलिस ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। 16 मार्च को जिला जज




ने सात आरोपियों को सशर्त जमानत दे दी। रिहा होने के कुछ दिन बाद 25 मार्च को पुलिस ने 12 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत पाबंद कर दिया। जमानत पर रिहा सातों आरोपी भूमिगत हो गए। वह हाईकोर्ट से जमानत लेने के चक्कर में लगे थे। इस बीच पुलिस कुर्की की कार्रवाई की प्रकिया की खबर पर अब तक चार आरोपी सरेंड कर चुके है। पुलिस कुछ दिनों से कोर्ट में हाजिर होने की संभावना को लेकर न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी थी। कोतवाल राजीव सिंह ने कहा कि मामले में फरार गैंगेस्टर के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। शीघ्र ही फरार आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## लालबाग नाजा मार्केट में अव्यवस्थित दुकाने और बिजली के तार बन सकते है बड़े हादसे की वजह

लखनऊ संवाददाता मृत्युजय प्रताप सिंह : लखनऊ में स्मार्ट सिटी का काम बहुत तेजी से चल रहा है, शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने का प्रयास नगर निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण कर रहा है। इसी बीच एक बहुत बड़े संकेत देखने को मिल रहे हैं कि गर्मियों के महीनो में आग और शार्ट सर्किट के हादसे किसी से छुपे नहीं हैं । ये हादसे हर साल जान माल का नुक्सान पहुंचाते हैं। ऐसे ही किसी दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के मुहाने पे खड़ा हैं लखनऊ का लाल बाग स्थित नाजा मार्केट मौजूदा समय में स्मार्ट सिटी का काम चल रहा है लेकिन फिर भी यहां जाम की समस्या बनी रहती है गलियों में दुकानों के सामने गाड़ियां खड़ी रहती हैं जिसका कोई भी इंतजाम अब तक नहीं है और लटकते हुए तार लगातार बड़ी अनहोनी का अंदेशा दे रहे हैं यहां छोटी बड़ी दुकाने और चारो तरफ फैला तारो का जखीरा जो किसी बड़े हादसे को दावत दे रहा हैं। जिसकी वजह से जान माल के बड़े नुक्सान का अंदेशा है। नगर निगम और सरकार को विशेष रुप से संज्ञान लेना चाहिए और सही कदम उठाने चाहिए ताकि इन हादसों को रोका जा सके। पूरी उम्मीद



है जिम्मेदार लोग इसका संज्ञान लेंगे और इस समस्या का समाधान करेंगे, स्थानीय दुकानदारों ने मीडिया से बताया कि बहुत समस्या बनी हुई है कई बार इसकी शिकायत की गई फिर भी इसका समाधान अभी तक नहीं हो पाया है हो सकता है अब इसके तरफ जिम्मेदारों का ध्यान जाए।

## महिला कुश्ती खिलाड़ियों को वाराणसी से मिला समर्थन : गिरफ्तारी की मांग

वाराणसी ब्यूरो : कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिल्ली में धरना प्रदर्शन हो रहा है। महिला पहलवानों के समर्थन में शनिवार को वाराणसी के आदर्श ग्राम नागेपुर में लोक समिति कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में सरकार द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर विरोध जताए हुए गांव के लोक समिति आश्रम में दर्जनों कार्यकर्ता एकजुट होकर सभा करते हुए केंद्र सरकार के विरुद्ध नारे लगाए। लोगों ने कहा कि देश की महिला पहलवान जो देश के लिए मेंडल जीत कर लाई हैं। वो आज राष्ट्रीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के खिलाफ धरना दे रही हैं। कुश्ती संघ अध्यक्ष के खिलाफ इतने सारे प्रमाणों के बाद भी केंद्र सरकार बचाव करने में लगी हुई है। लोक समिति संयोजक नन्दलाल मास्टर ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी सुरक्षित नहीं है। तो ग्रामीण स्तर पर खेल रही महिला खिलाड़ी आगे बढ़ने के विषय में सोच कर भी घबरा रही हैं। प्रधानमंत्री ही नहीं मुख्यमंत्री



को भी इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए और तत्काल प्रभाव से कुश्ती फाउंडेशन के अध्यक्ष ब्रजभूषण की गिरफ्तारी करानी चाहिए।धरने में मुख्य रूप से अनीता, आशा, सोनी, मधुबाला, शमबानो, विद्या, पंचमुखी, आशिष, श्यामसुन्दर, विजय, सुनील, सुरेश, मनीष, शिवकुमार, सरोज, मैनब, बेबी, सीमा, मंजीता, चंद्रकला, सुनील, मनीष, प्रियंका आदि लोग शामिल हुए।

## रौनाही थाना क्षेत्र में विद्युत उपकरण विक्रेता ने लगाया धोखाधड़ी लगाने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रौनाही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने इलेक्ट्रॉनिक इंटरप्राइजेज की दुकान से बड़ी हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी तहरीर पीड़ित माधव बाजपेई निवासी जनपद अमेठी ने थाना प्रभारी रौनाही संतोष सिंह को दी।मालूम हो बीते मंगलवार देर शाम को जनपद अमेठी के शुकुल बाजार थाने के सामने बाजपेई इंटरप्राइजेज की दुकान से रौनाही थाना क्षेत्र के पिरखौली ग्राम पंचायत निवासी अभिषेक सिंह पुत्र रणविजय सिंह अपने एक सहयोगी के साथ दुकान पर आया। मकान की वायरिंग में लगने वाले सारे इलेक्ट्रिक सामान देने की बात कह लिस्ट दी। पीड़ित माधव बाजपेई ने बताया रिमोट से चलने वाले पखे सहित छ95000 हजार रू० का सामान लिया 10,000 र० नकद देकर,बचे पैसा का भुगतान आवास पर देने की बात कह जीएसटी बिल साथ लाने की बात कही। पीड़ित ने बताया बुधवार देर शाम सामान लेकर पहुंचा तो आरोपी अभिषेक सिंह घर पर नहीं था। उसकी मां ने अपने सहयोगियों के साथ सामान उतरवा लिया।बचे पैसे की भुगतान के लिए कहा तो चाकू,व असलहा, दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर दरवाजे से भगा दिया। धमकी देते हुए कहा अगर इस क्षेत्र में दिखाई पड़े तो जान से मार डालूंगा।सीओ रौनाही ने बताया कि यह प्रकरण उनके संज्ञान में है। पीड़ित द्वारा स्थानीय थाना पर तहरीर देने पर पुलिस इस मामले में कार्यवाही करेगी।

## कपड़ा प्रेस कर रहे युवक की करंट लगने से मौत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कपड़ों पर प्रेस करने वाला युवक बिजली के करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।यह हादसा शनिवार को माधौगंज थाने के रमजानीपुर गांव में होना बताया गया है। माधौगंज थाने के रमजानीपुर निवासी 25 वर्षीय रमेश पुत्र नत्थू लाल कपड़ों पर प्रेस करने का काम करता था। उसकी शादी नही हुई थी। वह शनिवार को घर में ही कपडो पर प्रेस कर रहा था उसी दौरान इलेक्ट्रिक प्रेस में करंट उतर आया और रमेश उसकी चपेट में आ गया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके घर वाले दौड़ पड़े। उन्होंने रमेश को तड़पता देख उसे तुरंत सीएचसी ले गए, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर वालों में कोहराम मच गया। उन सभी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया है। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चार भाइयों में रमेश से एक बड़ा और दो उससे छोटे भाई है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

## निकाय चुनाव : इन 15 पहचान पत्रों से भी कर सकेंगे मतदान

अयोध्या (डीक्यू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। निकाय चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के इरादे से निर्वाचन. आयोग ने मतदाताओं को 15 पहचान पत्र लेकर मतदान करने जाने का विकल्प दिया है। जिलानिर्वाचन अधिकारी श्री नितीश कुमार ने बताया कि इन 15 विकल्प में से किसी एक तरह के पहचान पत्र को साथ लेकर जाने पर मतदाता को मतदान का




मौका मिल सकेगा। डीएम ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आयकर पहचान पत्र, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त पहचान पत्र, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, पोस्ट आफिस द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, फोटोयुक्त पेंशन अभिलेख यथा–भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन भुगतान आदेश, वृद्धावस्था पेंशन के अतिरिक्त फोटोयुक्त स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस, फोटोयुक्त शारीरिक रूप से अशक्त होने का प्रमाण पत्र, श्रम मंत्रालय का स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर में रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गये सरकारी पहचान पत्र व राशनकार्ड में से कोई एक पहचान पत्र होना अनिवार्य होगा । इनमें से कोई दस्तावेज जो परिवार के मुखिया के पास ही उपलब्ध हैं, वे परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान के लिए भी वैध माने जाएंगे। मगर सभी सदस्य एक साथ आते हैं और उन सदस्यों की पहचान परिवार के मुखिया द्वारा की जाती है, तो मतदान मौका दिया जाएगा।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।